# कांग्रेस का गांधी प्रतिमा को छिपाने का आरोप

**गांधी प्रतिमा सर्किल के अंदर एलईडी डिस्प्ले स्ट्रक्कर के लिये खुदाई**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 फरवरी, नीमताल गाँधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा जिस सर्किल के अंदर लगी है उसमे कोई निजी कंपनी द्वारा पावर ब्लॉक उखाड़ कर खुदाई कर उसमे लोहे का स्ट्रक्कर खड़ा कर एलईडी डिस्प्ले लगाने के लिए मजदूरों द्वारा दोपहर 12 बजे के लगभग खुदाई की जा रही थी , इसकी जानकारी लगते ही नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ,नपा नेता प्रतिपक्ष आशीष महेश्वरी , सुशील शर्मा, अरुण अवस्थी ,सुनील दांगी, पर्वत गोण, रामराज दांगी, राजकुमार पंसी,अनूप अग्रवाल, संतोष चिढ़ार , बाबू पाल , नीरज रघुवंशी, सहित आनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने गाँधी प्रतिमा स्थल के समक्ष बैठ कर नगर पालिका के विरुद्ध नारेवाजी शरू कर दी.**



नारेबाजी देख कर काम कर रहे ठेकेदार चला गया और मजदूरों ने काम बंद कर दिया. मजदूरों द्वारा सर्किल के अंदर खोदे गए गड्ढे को भर कर उखाड़े गए पॉवर ब्लॉक को पुन: लगवाये गए.इस संबंध कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू व नेता प्रतिपक्ष आशीष महेश्वरी ने नगर पालिका के अधिकारियो से फोन पर चर्चा की तो उन्होंने कहा की उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं हैं, न ही निजी कंपनी ने स्ट्रक्कर के लिए न.पा से कोई परमिशन ली हैं.जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी एडवोकेट सुशील शर्मा ने कहा की नगर पालिका शहर में हो रहे गड्ढों को भरवाने की बजाय , जो शहर के प्रमुख चौराहे पर निर्मित प्रतिमा स्थलों को निजी कंपनीयो से साठगांठ कर प्रचार प्रसार के लिए होडिंग और एल.ई.डी डिस्प्ले लगवाये जा रहे है. जिससे न सिर्फ शहर का सोंदर्य नष्ट हो रहा है , एवं बल्कि यह होडिंग व्यस्तम चौराहों पर दुर्घटनाओ को आमंत्रित कर रहे है. सुशील शर्मा ने आरोप लगाया की न.पा द्वारा गाँधी जी की प्रतिमा के आस-पास जो गंदगी पसरी है उस की सफाई पर तो ध्यान नहीं दिया जा रहा , ऊपर से गाँधी जी की प्रतिमा को होडिंग डिस्प्ले के अतिक्रमण से छिपाने की छुट दी जा रही हैं.

## जैन एवं शास्त्री को बधाई

नवभारत न्यूज

**पठारी,** विदिशा जिला केमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में सर्व सहमति से चंद्रकांत जैन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने एवं सचिव पद पर पुन: नवल किशोर शास्त्री के निरविरोध निर्वाचित होने पर पठारी के केमिस्ट साथियों ने उन्हें बधाई दी बधाई देने वालों में अरुण सहेले,राजेंद्र कुमार जैन,सुरेश कुमार जैन,अमित सहेले,सुबोध चौधरी,आशीष सहेले,बलराम बंसकार,अभिषेक यादव आदि ने बधाई दी.

# मुशायरे में इंसानियत, समय और शिक्षा पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**विदिशा साहित्यिक संस्था अंजुमन फ़रोग़-ए-अदब, विदिशा की ओर से जय कॉम्प्लेक्स, बज़रिया में आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता नई दिल्ली से पधारे मशहूर शायर जनाब खुमार देहलवी साहब ने की. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं विदिशा के प्रसिद्ध शायर चांद ख़ां के शेरी मजमूआ पयामएग़ज़ल का विमोचन भी नगर के वरिष्ठ साहित्यकारों के करकमलों से संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से आए शायरों ने अपने कलाम से समां बाँध दिया. दिल्ली से आए खुमार देहलवी साहब ने इंसानियत और समय की विडंबनाओं पर आधारित शेर पढ़कर खूब दाद बटोरी. पानीपत हरियाणा से सिराज पैकर पानीपती ने शिक्षा और जागरूकता पर जोर देते हुए इल्म की शमा जलाने का संदेश दिया. कार्यक्रम का संचालन वसीम झिनझानवी एवं संतोष शर्मा सागर ने किया, जबकि अंत में वरिष्ठ कवि गोवर्धन राजौरिया ने आभार व्यक्त किया. देर रात तक चले इस आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों एवं सैकड़ों श्रोताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया.



# अवैध कॉलोनियों की बाढ़ से कृषि भूमि पर संकट, प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल

**ऊंची राजनीतिक पहुंच के सहारे फल-फूल रहा प्लाटिंग का खेल**



नवभारत न्यूज

**सांची 17 फरवरी, क्षेत्र में लंबे समय से कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है.बड़े-बड़े कॉलोनाइजर ऊंचे दामों पर कृषि भूमि खरीदकर प्लाटिंग के माध्यम से मंहगे दामों में बेच रहे हैं.इससे न केवल कृषि योग्य जमीन का दायरा सिमट रहा है, बल्कि भविष्य में खाद्यान्न उत्पादन पर भी खतरे के संकेत दिखाई देने लगे हैं.**

जानकारों का कहना है कि कृषि भूमि से उत्पन्न अनाज ही देशभर की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करता है. ऐसे में खेती की जमीन को व्यवस्थित अनुमति के बिना आवासीय कॉलोनियों में बदलना चिंताजनक है.क्षेत्र में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, लेकिन वैधता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है.आमजन के लिए यह समझ पाना कठिन हो गया है कि कौन सी कॉलोनी अधिकृत है और कौन सी अनाधिकृत.हालांकि पूर्व में प्रशासन द्वारा कुछ अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, परंतु स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि राजनीतिक रसूख के चलते कार्रवाई प्रभावी साबित नहीं हो सकी.परिणामस्वरूप कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद होते गए और कृषि भूमि पर कब्जे का सिलसिला जारी रहा.इतना ही नहीं, कुछ मामलों में कृषि भूमि को फार्म हाउस के नाम पर खरीदा जा रहा है, जहां बाद में बड़े व्यावसायिक निर्माण खड़े हो जाते हैं। यह भी आरोप है कि छोटे निर्माण कार्यों पर सख्ती बरतने वाले संबंधित विभाग बड़े निर्माणों के मामले में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा पा रहे, जिससे सवाल उठना स्वाभाविक है.क्षेत्र में तेजी से घटती कृषि भूमि और बढ़ती अवैध प्लाटिंग को लेकर अब प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं. यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में कृषि भूमि का अस्तित्व गंभीर संकट में पड़ सकता है.यदि खेती की जमीन ही खत्म होती रही, तो विकास की यह दौड़ भविष्य की भूख बन सकती है.

### जांच कर करेंगे कार्यवाही-नायब तहसीलदार

इस संबंध में ललित सक्सेना, नायब तहसीलदार, सांची का कहना है कि क्षेत्र में जहां-जहां कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, उनकी जांच कराई जा रही है.जो भी कॉलोनी नियम विरुद्ध पाई जाएगी उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

**एक नजर में**

## नि:शुल्क विशाल नेत्र एवं जांच शिविर 19 को

नवभारत न्यूज

**पठारी,** सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 19 फरबरी गुरुवार को पठारी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जैन पाठशाला में विशाल नेत्र एवं जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेश का शिविर लगाया जा रहा है.संत सुधासागर समिति के सदस्य आशीष सहेले एवं अतुल कठरया ने बताया कि नेत्र रोगों संबंधी समस्त प्रकार की जांच की जाएगी.जांच के दौरान ऑपरेशन लेंस, मुफ्त दवाइयां, काला चश्मा, वाहन सुविधा नि:शुल्क रहेगी.शिविर में जिन मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन होगे उन्हें आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी एवं मोबाइल नंबर लेकर आना होगा. मोतियाबिंद के ऑपरेशन वाले मरीजों को सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर के वाहन से ले जाया जायेगा एवं ऑपरेशन के बाद वापिस छोड़ा जायेगा.

## 779 तीर्थयात्रियों की यात्रा हेतु व्यापक तैयारियां

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रा पर जाने वाले 779 यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं. इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय विदिशा द्वारा आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. जारी आदेश के अनुसार तीर्थयात्रियों को विदिशा रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थित रूप से एकत्रित करना, उनके आवंटित रेल टिकटों का वितरण करना तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। इन काउंटरों पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जो यात्रियों को टिकट वितरण एवं मार्गदर्शन का कार्य करेंगे.

# त्यौहारों को सौहार्द्रपूर्ण और भाईचारे से मनाएं, शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय

नवभारत न्यूज

**पठारी, पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में तहसीलदार अभिषेक पांडेय और टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला मौजूद रहे. फरवरी एवं मार्च में होने वाले रमजान एवं होली,रंग पंचमी त्योहारों को लेकर शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने पर चर्चा हुई. टी आई गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा.इस दौरान विद्युत तारों और अन्य किसी नुकसान से बचाव के निर्देश दिए गए. हरे-भरे पेड़ न काटने की अपील की गई.भाई दूज को होली खेली जाएगी.**

रंगपंचमी पर करीला मेले जाने वालों के वाहनों की व्यवस्था के लिए फार्म चौराहा और भालबामोरा चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा.तहसीलदार अभिषेक पांडेय ने कहा कि विद्युत और जल आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा. बैठक में 1 महीने तक चलने वाले रमजान के संबंध में जानकारी ली गई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि चलते वाहन चालकों पर रंग ना डाला जाए एवं गुब्बारे में केमिकल भरकर वाहन चालकों पर ना मर जाए क्योंकि वह अनबैलेंस होकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं बैठक में जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई,अरुण सहेले,विनय चौधरी,विमल जैन, राजेश ब्यास, शैलेंद्र चौधरी, नईम कुरैशी, रीतेश जैन, भानु व्यास, अकबर खान गणमान्य नागरिक,पत्रकार, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे.

# कोठा बैराज की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,कोठा बैराज परियोजना से जुड़ी किसानों की समस्याओं को लेकर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों से किया गया अपना वादा निभाया. पूर्व में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निरीक्षण दौरे के दौरान मंत्री सिलावट और विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों को आश्वासन दिया था कि वे उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट कर समाधान कराएंगे.इसी क्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं विधायक हरि सिंह सप्रे के नेतृत्व में ग्राम कोठा के 21 सदस्यीय किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट कराई.**



इस दौरान किसानों ने कोठा बैराज डैम परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और अपनी व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया.विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों की ओर से डैम क्षेत्र में लगभग 10 फीट ऊंचा पुल बनाए जाने की मांग रखी, जिससे ग्रामीणों का वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया.

# 125 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, म.प्र. राज्य हज कमेटी के निर्देशानुसार जिले के हज यात्रियों का जिला स्तरीय टीकाकरण शिविर मंगलवार को सिरोंज में आयोजित किया गया. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अमले की मौजूदगी में जिले के 125 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया. जानकारी देते हुए जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. रजी खान ने बताया कि विदिशा जिले के 125 हज यात्रियों का शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण हुआ. सिरोंज के साथ ही कुरवाई, विदिशा, लटेरी, गंजबासौदा आदि के हज यात्रियों का टीकाकरण कराया गया.**

सुबह से ही डॉ. शुजा उल्ला बैग व डॉ. साजिदा कुरैशी सहित विदिशा और सिरोंज का स्वास्थ विभाग का अमला शिविर स्थल पर मौजूद रहा. जिसकी जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली व हज यात्रियों ने प्रशंसा की. इस दौरान शिविर में बाहर से आने वाले लोगों के लिए फोटो कापी, फोटो आदि के लिए सुविधाऐं उपलब्ध कराई गई.

### सबसे कम उम्र की इरम जाएंगी हज

जिला हज कमेटी उपाध्यक्ष डॉ. रजी खान ने बताया कि 2026 में हज पर जाने वालों में सर्वाधिक उम्र के ग्यारसपुर निवासी 83 वर्षीय अफजल खान व सबसे कम उम्र की ग्राम भिडवासन विदिशा निवासी 18 वर्षीय इरम बेगम है. साथ ही जिले से सर्वाधिक हज पर जाने वाले सिरोंज से है.

# 1 .05 लाख की बिक्री में 60 हजार का लाभ मिला

नवभारत न्यूज

**सिरोंज**, महाशिवरात्रि पर्व इस बार स्व सहायता समूहों के लिए विशेष सौगात लेकर आया. जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों विशेष रूप से सिरोंज के देवपुर सहित कांच मंदिर विदिशा, उदयपुर और मदागन में 70 स्व सहायता समूहों द्वारा दुकानें लगाई गई. जिसने महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई रोशनी जगाई. इस पहल में करीब 70 स्व सहायता समूहों ने भाग लेकर विभिन्न पूजन सामग्री एवं घरेलू उत्पादों की बिक्री की. इन दुकानों के माध्यम से करीब 70 समूहों की करीब 1 लाख 5 हजार रुपये की बिक्री हुई. जिससे इन स्व सहायता समूहों को लगभग 60 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ. इस आय से समूहों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिला. जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों सिरोंज के देवपुर सहित कांच मंदिर विदिशा, उदयपुर तथा मदागन में स्व सहायता समूहों द्वारा दुकानों का संचालन किया गया. जिसमें इन समूहों की महिलाओं द्वारा नारियल, माला-फूल, अगरबत्ती, बेलपत्र, पूजन सामग्री, मिट्टी के दीये, मूर्तियां, खिलौने, जैविक सब्जियां, अचार, पापड़, दालें, मसाले, घी, मावा, कपड़े एवं अन्य डेकोरेटिव आइटम की दुकानें लगाई गई. इन दुकानों से श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सामग्री की खरीदारी की. यह पहल न केवल समूहों के लिए आय का महत्वपूर्ण माध्यम बनी. बल्कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध हुई. प्रशासन द्वारा इस प्रकार के आयोजनों में स्व सहायता समूहों को अवसर प्रदान किए जाने से समूहों में उत्साह का माहौल रहा.




### महाशिवरात्रि बनी स्वसहायता समूहों की समृद्धि का माध्यम

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर स्व सहायता समूहों की दुकानों पर श्रद्धालुओं ने भी स्थानीय समूहों द्वारा तैयार सामग्री को प्राथमिकता देते हुए उत्साहपूर्वक खरीददारी की. समूह की महिलाओं का कहना है कि इस प्रकार के अवसर मिलने से उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है. और वह परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में योगदान दे पा रही हैं.

## लिंक रोड अब अटल पथ,तहसील रोड का नामकरण डॉ . भीमराव अंबेडकर मार्ग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, शहर का वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री नाका तक की सड़क लिंक रोड अब अटल पथ के नाम से जाना जावेगा. जबकि लटेरी नाके से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक की तहसील रोड का नाम भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग होगा. नगरपालिका सिरोंज द्वारा शहर के चार प्रमुख मार्गों का नामकरण किया गया है.**




सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि बीते दिनों नगरपालिका परिषद की बैठक में शहर के चार प्रमुख मार्गो के नामकरण किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी. इसके बाद अब इन सड़कों का नामकरण किया गया है. उन्होंने बताया कि शहर के वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री नाका तक की सड़क लिंक रोड का नामकरण अटल पथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किया गया है. जबकि लटेरी नाके से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक की सड़क तहसील रोड का नामकरण अब भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग रखा गया है. वही पॉलिटेक्निक तिराहे से पंचकुईयां होते हुए नीलकंठ ईदगाह के सामने से आरोन रोड तक की सड़क उत्कृष्ट रोड का नाम अब पूर्व कैबिनेट मंत्री विकास पुरुष पं. लक्ष्मीकांत शर्मा मार्ग होगा. वही कोर्ट गेट से लटेरी रोड न्यू स्टार पेट्रोल पंप के पास स्थित नवी अकरम कलंदरी मस्जिद तक रोड का नामकरण पूर्व मंत्री डॉ. शरीफ मास्टर मार्ग रखा गया है. नगर पालिका द्वारा इन सड़कों का नामकरण किये जाने के साथ ही अब इन सड़कों पर नामकरण के बोर्ड भी लगाये गये हैं.

**आस्था**

**मठ एक आस्था भी, मनकामेश्वर और दूधेश्वर महादेव का एक साथ अभिषेक, महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धा**

# चार पहर का रुद्राभिषेक, शिव बारात, छप्पन भोग के साथ शिवमय हुआ परिसर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, भक्ति, श्रद्धा और आस्था जब एक साथ बहती हैं, तब पर्व उत्सव नहीं, अनुभूति बन जाता है. यह दृश्य महाशिवरात्रि की पावन रात्रि में सावरकर चौक स्थित मनकामेश्वर और दूधेश्वर महादेव के एक साथ हुए अभिषेक में जीवंत होते दिखाई दी जहाँ एक एक साथ संपन्न हुए महादेव के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए चार पहर के अभिषेक ने वातावरण को शिवमय कर दिया. चार पहर के रुद्राभिषेक, के साथ-साथ शिव बारात और छप्पन भोग अर्पण के साथ श्रद्धालुओं का विश्वास और समर्पण हर क्षण गहराता गया.**



वहीं मंदिर परिसर में आयोजित शिवङ्कपार्वती विवाह उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया. भगवान शिव की बारात सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर से निकली, जो नगर भ्रमण करते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची.मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया. मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच भक्तजनों ने शिव बारात का आत्मीय अभिनंदन किया. नगर के सावरकर चौक स्थित करीब साढे आठ सौ साल प्राचीन ऐतिहासिक केशरगिर मठ परिसर इस महाशिवरात्रि पर आस्था का जीवंत संगम बनकर उभरा. मनकामेश्वर महादेव के चार पहर के रुद्राभिषेक का आचार्यात्व पं. हरिओम दुबे शास्त्री ने किया.उनके मार्गदर्शन में पं. सीताराम शर्मा, पं. दिनेश शर्मा, पं. जगदीश शर्मा एवं पं. शिवकिशोर मिश्र ने यजमान मनीष अरोड़ा एवं देवेंद्र रघुवंशी से महादेव का विधिवत अभिषेक संपन्न कराया. प्रत्येक पहर में मंदिर के पुजारी पं.आशीष गोस्वामी शास्त्री के आचार्यातत्व में यजमान विक्की, सूरज, भानू, पवन, मुकेश शर्मा, मोनू यादव और रंजीत सिंह राजपूत ने सहभागिता की.रात्रि होते-होते मठ परिसर दीपों की कतारों से जगमगा उठा. भगवान शिव को छप्पन भोग अर्पित किए गए.

### नगर में कई स्थानों से निकली भोले की बारात

महाशिवरात्रि की मौके पर गत रात्रि भगवान महादेव की अनूठी शिव बारात नगर में कई स्थानों से निकली. प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर मठ पर शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव पार्वती विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया.बारात मुरलीमनोहर मन्दिर से मनकामेश्वर महादेव मंदिर सावरकर चौक पर सम्पन्न हुई मन्दिर में सभी भक्तजनों ने धूमधाम से बारात का स्वागत किया. मंत्रों द्वारा विधि पूर्वक विवाह सम्पन्न कराया.बारात में सम्मिलित मन्दिर पुजारी विष्णुगिरी गोस्वामी उमेश गिरी गोस्वामी विक्की सूरज, भानू, पवन, मुकेश शर्मा,मोनू,सचिन शर्मा, वर्षा सोलंकी शीतल गोस्वामी, सेजल गोस्वामी, मंजू एवं बड़ी संख्या में शिव भक्त शिव विवाह में सम्मिलित हुए.

## ग्यारसपुर में लगा नेत्र शिविर

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,** स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्द पुर के नेत्र चिकित्सक डॉ बाल कृष्ण राव एवम ग्यारसपुर अस्पताल के नेत्र सहायक रजनीश भार्गव अभिषेक सुमन नीलम सिंह जादौन एवम आनंद पुर के नेत्र विभाग की पूरी टीम ने लगभग 189 मरीजों व अन्य लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी. इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्टकी सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते है.उक्त शिविरों का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है.इस मोके पर कैंप प्रभारी लखन शर्मा, पारस रोहले ने अपना सहयोग त्रिलोक सेन एवं पत्रकार सीताराम कुशवाहा ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया प्रदान किया. 43 मरीजों को मोतिया बिन्द चिन्हित किया गया.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.